SECOND TERM SUMMATIVE ASSESSMENT 2026-27

MODEL QUESTION PAPER

हिंदी (HINDI)

Std: X SET 2 **Score: 40**

Cool-off time: 15 minutes **Time: 90 Minutes**

निर्देश

- पहले 15 मिनट समाश्वास समय है। इस समय प्रश्नों को ध्यान से पढ़ें।
- प्रश्नों के अंक देखकर उत्तर लिखें।
- "अथवा" वाले प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखें।

सूचना: 'गैलीलियो' लेख के प्रसंग पर आधारित यह अंश पढ़ें और प्रश्न 1 से 3 तक के उत्तर लिखें।

> उन दिनों लोग मानते थे कि भारी चीज़ हल्की चीज़ से पहले ज़मीन पर गिरती है, क्योंकि यह बात पुराने विद्वानों ने कही थी। गैलीलियो ने इस बात को आँख मूँदकर नहीं माना। उसने कहा कि सच प्रयोग से ही परखा जा सकता है। उसके सवालों से कई लोग नाराज़ हुए, पर उसने अपनी तर्जनी उठाकर सच्चाई की खोज जारी रखी।

1. सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। (1)

(क) गैलीलियो पुरानी बातों को बिना सोचे मान लेता था।
(ख) गैलीलियो सच को प्रयोग से परखना चाहता था।
(ग) गैलीलियो के सवालों से सब लोग खुश हुए।
(घ) गैलीलियो ने खोज करना छोड़ दिया।

2. कोष्ठक के शब्दों की मदद से वाक्य-विस्तार करें। (3)

(जिज्ञासु, इटली का, नए-नए)
गैलीलियो प्रयोग करता था।

3. संकेतों की सहायता से गैलीलियो की चरित्रगत विशेषताओं पर टिप्पणी लिखें। (4)

• जिज्ञासु • प्रयोग में विश्वास
• निडर • सत्य का खोजी

अथवा

मान लें, आप गैलीलियो का साक्षात्कार ले रहे हैं। साक्षात्कार के लिए प्रश्नावली तैयार करें। (कम से कम पाँच प्रश्न हों)

सूचना: 'एक तिनका' कविता के प्रसंग पर आधारित यह अंश पढ़ें और प्रश्न 4 और 5 के उत्तर लिखें।

> घमंड में चूर कवि मुंडेर पर खड़ा था। तभी एक तिनका उड़कर उसकी आँख में आ गिरा। वह झिझक उठा और बेचैन हो गया। आँख लाल होकर दुखने लगी।

4. 'बेचैन' का विलोम शब्द कौन-सा है? (1)

(क) परेशान (ख) व्याकुल (ग) चैन से (शांत) (घ) दुखी

5. तिनका आँख में पड़ने पर कवि की क्या दशा हुई? (2)

www.educationobserver.com

सूचना: 'दिल्ली में उनींदे' संस्मरण के प्रसंग पर आधारित यह अंश पढ़ें और प्रश्न 6 और 7 के उत्तर लिखें।

> ऑटो के शीशे में राजा राम का चेहरा दिखाई दे रहा था – धँसी हुई आँखें और उभरी हड्डियाँ। लेखिका को लगा कि इस चेहरे पर भूख और बीमारी के साथ-साथ एक अनकहा दुख भी है। उतरते समय लेखिका ने किराए के साथ कुछ पैसे और दिए और कहा, "कुछ खा लेना।"

6. लेखिका ने राजा राम को अतिरिक्त पैसे क्यों दिए? (2)

7. उस रात लेखिका ने राजा राम के बारे में बहुत सोचा। लेखिका की उस दिन की डायरी कल्पना से लिखें। (4)

अथवा

राजा राम की उस रात की संभावित डायरी लिखें।

सूचना: 'व्हाइट कैप' कहानी के प्रसंग पर आधारित यह अंश पढ़ें और प्रश्न 8 से 10 तक के उत्तर लिखें।

> डॉक्टर ने केशव की जाँच की और उसकी माँ से कहा, "घबराइए मत, कुछ दिन आराम करने से यह ठीक हो जाएगा।" बाहर खड़े दोस्तों ने यह सुना तो खुशी से उछल पड़े। सबने तय किया कि वे रोज़ शाम केशव के घर जाकर उसे स्कूल की बातें बताएँगे।

8. (क) 'उसकी माँ' में 'उसकी' किसके लिए प्रयुक्त है? (2)

(ख) नमूने के अनुसार लिखें।

नमूना	उत्तर
डॉक्टर ने जाँच की। → डॉक्टर जाँच करेगा।	दोस्तों ने बात सुनी। → _____

9. दोस्तों ने क्या तय किया? इससे उनके बारे में क्या पता चलता है? (2)

10. केशव के ठीक होने पर दोस्त उससे मिलने गए। उनके बीच होने वाला वार्तालाप लिखें। (4)

सूचना: 'पैदल चलता हुआ आदमी' कविता के भाव पर आधारित यह अंश पढ़ें और प्रश्न 11 से 13 तक के उत्तर लिखें।

> शहर की चौड़ी सड़कों पर तेज़ रफ़्तार गाड़ियाँ दौड़ती हैं। उनके बीच एक आदमी पैदल चल रहा है – धीमे, पर अपने पैरों के भरोसे। गाड़ियों वाले उसे हिकारत से देखते हैं, पर वह बिना शिकायत अपनी राह चलता रहता है।

11. 'हिकारत' का समानार्थी शब्द कौन-सा है? (1)

(क) प्यार (ख) घृणा (ग) सम्मान (घ) खुशी

12. पैदल चलने वाले आदमी की कौन-सी विशेषता इस अंश में दिखाई देती है? (2)

13. 'पैदल चलता हुआ आदमी' कविता का आशय लिखें। (4)

अथवा

"हर इंसान सम्मान का अधिकारी है।" कविता के आधार पर इस विषय पर टिप्पणी लिखें।

सूचना: 'मधुर वचन' से संबंधित यह दोहा पढ़ें और प्रश्न 14 और 15 के उत्तर लिखें।

> तुलसी मीठे बचन ते, सुख उपजत चहुँ ओर।
> बसीकरन इक मंत्र है, परिहरु बचन कठोर॥ – तुलसीदास

14. नीचे दिए प्रस्ताव पढ़ें और सही विकल्प चुनकर लिखें। (1)

i. मीठे वचन से चारों ओर सुख फैलता है।

ii. कठोर वचन बोलना चाहिए।

www.educationobserver.com

iii. मीठे वचन सबको वश में करने का मंत्र है।

iv. मीठे वचन से दुख बढ़ता है।

(क) i और ii सही हैं (ख) ii और iv सही हैं (ग) i और iii सही हैं (घ) iii और iv सही हैं

15. नमूने के अनुसार तालिका की पूर्ति करें। (2)

दोहे का शब्द	**मानक हिंदी रूप**
बचन	वचन
बसीकरन	_____
चहुँ ओर	_____

सूचना: नीचे दिया गया खंड पढ़ें, प्रश्न 16 और 17 के उत्तर लिखें।

केरल में हर साल 1 नवंबर को केरल पिरवी दिवस मनाया जाता है। 1956 में इसी दिन भाषा के आधार पर केरल राज्य का गठन हुआ था। इस दिन स्कूलों में मलयालम भाषा, केरल की कला और संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम होते हैं। यह दिन हमें अपनी मातृभाषा और विरासत पर गर्व करना सिखाता है।

16. इस गद्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखें। (1)

17. मान लें, आपके स्कूल में केरल पिरवी दिवस के अवसर पर 'मेरी भाषा, मेरी पहचान' विषय पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की रिपोर्ट (समाचार) तैयार करें। (4)

www.educationobserver.com